## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 ***फरवरी*** 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आज विधानसभा में पेश होगा उत्तर प्रदेश का सामान्य बजट। बजट सत्र के दूसरे दिन की चर्चा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा –भारतीय संस्कृति का गौरव है महाकुंभ।
- महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पहुंची छप्पन करोड़ के पार। तीन लाख करोड़ रूपये से अधिक के व्यापार सृजन की संभावना।
- अयोध्या में बढ़ायी जाएगी भक्तों की सुविधा और सुरक्षा। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति और श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बैठक कर लिया निर्णय।
- प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में बदला मौसम का मिजाज। शुरू हुई हल्की बारिश।

**********

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना आज विधानसभा में वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगे। सदन की कारवाई शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री आवास पर मंत्रिमंडल की बैठक होगी, जहां अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी।

उधर, बजट सत्र के दूसरे दिन कल विधानसभा में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति का गौरव है और उनकी सरकार महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सनातन धर्म, मां गंगा, भारत की आस्था और महाकुंभ को निशाना बनाकर बेबुनियाद दावे और भ्रामक वीडियो फैलाने की कोशिशों की आलोचना की। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने मौनी अमौस्या पर हुई भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं के साथ–साथ प्रयागराज कुंभ के दौरान सोनभद्र, अलीगढ़ और अन्य स्थानों पर महास्नान के लिए जाते समय सड़क हादसों के शिकार हुए लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सदन को भरोसा दिलाया कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव सहायता करेगी। हालांकि, उन्होंने ऐसी दुखद घटनाओं का राजनीतिकरण करने पर सवाल उठाया। आकाशवाणी कक्ष से कुमार अरूण**

श्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार महाकुम्भ को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

***यह आयोजन किसी पार्टी विशेष का नहीं था किसी सरकार का नहीं था मैं दो बार बार इस बात को कहता रहा हूं कि यह आयोजन समाज का है सरकार पीछे है सरकार सहयोग के लिए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए एक सेवक के रूप में हम लोग वहां पर है हम लोग तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इस सदी के इस महाकुंभ के साथ हमारी सरकार को जोड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। देश और दुनिया ने इस पूरे आयोजन के साथ सहभागी बन करके इसे सफलता की एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया है।***

मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ पर केंद्र और राज्य सरकार ने पचहत्तर सौ करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिसमें महाकुम्भ के आयोजन पर पंद्रह सौ करोड़ रुपये और प्रयागराज के आधारभूत ढांचे के विस्तार पर शेष राशि खर्च की गई है। वहीं विधान परिषद में महाकुंभ पर चर्चा का समय बढ़ाने को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा किया। जिस पर बल पूर्वक नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को सदन से बाहर कर दिया गया।

**********

प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक छप्पन करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम स्नान कर चुके हैं। कल देर शाम तक एक करोड़ उन्नीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीता रामन, राममोहन नायडू, जीतन राम मांझी और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के झारखंड राज्य के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी कल महाकुंभ में हिस्सा लिया।

महाकुंभ में आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों के बीच गहरा संबंध दिखाई दे रहा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स–कैट के अनुसार, इस बार महाकुम्भ से तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार का सृजन होने की संभावना है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**महाकुंभ के कारण केवल प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किलोमीटर के दायरे में स्थित शहरों और कस्बों में भी व्यापार में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि शुरुआती अनुमान के अनुसार 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और 2 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना थी। उन्होंने कहा कि देशभर में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह के कारण अब 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है जिससे कुल व्यापार 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना**

**है। महाकुम्भ के दौरान कई व्यापारिक क्षेत्रों में आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई। इसमें प्रमुख रूप से पर्यटन, होटल, तथा आवास सेवाएं, खाद्य एवं पेय उद्योग, परिवहन, हस्तशिल्प, स्वास्थ्य सेवाएं, मीडिया, विज्ञापन, मनोरंजन, तकनीक, सीसीटीवी, टेलीकॉम और एआई आधारित सेवाएं शामिल हैं। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज**

आस्था और संस्कृति का समागम महाकुंभ छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ सम्पन्न होगा।

**********

महाकुंभ के बीच महाशिवरात्रि को लेकर भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। महाशिवरात्रि पर वाराणसी में देश के श्रद्धालु, अखाड़ों के साधु संत और पीठाधीश्वर दर्शन पूजन करेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर की तरफ से एक एडवायज़री भी जारी की गई है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर में भारी भीड़ के मद्देनज़र एक छोर से दूसरे छोर तक बैरिकेडिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि महापर्व पर नागा संतों के दर्शन पूजन के समय आम श्रद्धालुओं के प्रवेश को थोड़ी देर के लिए रोका जा सकता है।

**********

वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगम के तीसरे संस्करण के अंतर्गत काशी हिंदू विश्वविद्यालयत में कल एक शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में तमिलनाडु से आए दल के साथ विचारों का आदान–प्रदान होने के साथ ही दोनों राज्यों के बीच व्यापार के अवसरों की खोज और गहन आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। वहीं ऋषि अगस्त्य और विकसित भारत विषय पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से चित्र प्रदर्शनी में पोस्टर पेंटिंग, कहानी लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**********

अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्रीराम मंदिर निर्माण समिति और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कल समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि भक्तों की सुविधा, सुरक्षा और अन्य पहलुओं पर विचार कर आवश्यक बदलाव लाए जाएंगे।

**जो अंदर आने के बाद बाहर दक्षिणी मार्ग से निकासी है वह एक से अधिक निकासी बढ़ाई जाए और उसके अनुसार जो है निर्माण कार्य किए जाएं। और खास तौर से अब चूँकि रामनवमी का जो त्यौहार है वह भी एक प्रमुख त्यौहार है अयोध्या में तो उस दृष्टि से हम लोग अब समीक्षा कर रहे हैं और आवश्यकता पड़ेगी तो हम कैपेसिटी को बढ़ाने के प्रयास करेंगे।**

**********

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने कल गोरखपुर में आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने भोजपुरी में प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों समेत केंद्र की आय और व्यय के बारे में भी चर्चा की।

**********

प्रदेश के संभल और कौशांबी समेत कई जिलों में अचानक हल्की बारिश शुरू होने के साथ ही मौसम का मिजाज बदल गया है । मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में आज कई स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है । विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक प्रदेश में पचीस फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। इस अवधि में देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं कुहासा अथवा हल्का कोहरा पड़ने की भी संभावना है।

**********

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ने फास्टैग नियमों में बदलाव के कारण लेन देन में कमी आने के दावों का खंडन किया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा है कि अट्ठाइस जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की ओर से जारी परिपत्र का फास्टैग ग्राहक अनुभव पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

**********